Email- pmchitrakoot210205@gmail.com CUG Mob- 9473942755

# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट

पत्रांक संo:– 1115 / M-8 / 93 दिनांक– 25-8-26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय– **<u>दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" चित्रकूट संस्करण दिनांक 23.08.2026 में प्रकाशित समाचार "पांच दिन से जलापूर्ति ठप, बूंद–बूंद पानी को लोग परेशान" के सम्बन्ध में अनुपालन आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" चित्रकूट संस्करण दिनांक 23.08.2026 में प्रकाशित समाचार "पांच दिन से जलापूर्ति ठप, बूंद–बूंद पानी को लोग परेशान" की आख्या की जांच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से शीघ्र अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" चित्रकूट संस्करण दिनांक 23.08.2026 में प्रकाशित समाचार "पांच दिन से जलापूर्ति ठप, बूंद–बूंद पानी को लोग परेशान" से सम्बन्धित खबर के सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं थर्ड पार्टी एजेन्सी से जांच करायी गयी। जांच के दौरान निम्नानुसार स्थिति पाई गई–

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत विकासखण्ड कर्वी, पहाडी, मानिकपुर के कुल 286 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति कराये जाने हेतु कार्य प्रगति पर है। योजना के अन्तर्गत वर्तमान तक इंटेकवेल, जल शोधन संयंत्र (WTP), 91 नग ओवरहेड टैंक (OHT) एवं समस्त सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं। योजनान्तर्गत वर्तमान में 215 ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा शेष ग्रामों में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसे दिनांक 30.09.2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है।

**ग्राम पहाडी में पेयजल आपूर्ति की स्थिति**– ग्राम पहाडी में ओ०एच०टी० का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। योजनान्तर्गत ग्राम पहाडी में 75 प्रतिशत नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है, शेष ग्राम एवं मजरों में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसे दिनांक 30.09.2026 तक पूर्ण कराकर समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति किया जाना लक्षित है। यह ग्राम वर्तमान तक हर घर जल प्रमाणित नहीं है। **जनपद चित्रकूट में विगत 05 दिनों से अत्यधिक वर्षा होने के कारण निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने के कारण ग्राम पहाडी में विगत 05 दिनों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुयी थी। विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये विद्युत फाल्ट का निस्तारण कराते हुये दिनांक–24.08.2026 को ग्राम पहाडी में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। (फोटो संलग्न है)**

भवदीय,

(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

*<u>संख्या एवं दिनांक यथोपरि।</u>*

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता, महोदय (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
2. जिलाधिकारी महोदय, चित्रकूट।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बांदा।
4. अपर जिलाधिकारी महोदय, (नमामि गंगे) चित्रकूट।

अधिशासी अभियन्ता






Email- pmchitrakoot210205@gmail.com CUG Mob- 9473942755

# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

## उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) चित्रकूट

पत्रांक सं०:– 1115 / M-8 / 93 दिनांक– 25-8-26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय–** **<u>दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" चित्रकूट संस्करण दिनांक 23.08.2026 में प्रकाशित समाचार "पांच दिन से जलापूर्ति ठप, बूंद–बूंद पानी को लोग परेशान" के सम्बन्ध में अनुपालन आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" चित्रकूट संस्करण दिनांक 23.08.2026 में प्रकाशित समाचार "पांच दिन से जलापूर्ति ठप, बूंद–बूंद पानी को लोग परेशान" की आख्या की जांच कराकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर कृत कार्यवाही से शीघ्र अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" चित्रकूट संस्करण दिनांक 23.08.2026 में प्रकाशित समाचार "पांच दिन से जलापूर्ति ठप, बूंद–बूंद पानी को लोग परेशान" से सम्बन्धित खबर के सम्बन्ध में सहायक अभियन्ता, जूनियर इंजीनियर एवं थर्ड पार्टी एजेन्सी से जांच करायी गयी। जांच के दौरान निम्नानुसार स्थिति पाई गई–

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत विकासखण्ड कर्वी, पहाडी, मानिकपुर के कुल 286 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति कराये जाने हेतु कार्य प्रगति पर है। योजना के अन्तर्गत वर्तमान तक इंटेकवेल, जल शोधन संयंत्र (WTP), 91 नग ओवरहेड टैंक (OHT) एवं समस्त सी०डब्ल्यू०आर० के निर्माण कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं। योजनान्तर्गत वर्तमान में 215 ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा शेष ग्रामों में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसे दिनांक 30.09.2026 तक पूर्ण कराया जाना लक्षित है।

**ग्राम पहाडी में पेयजल आपूर्ति की स्थिति–** ग्राम पहाडी में ओ०एच०टी० का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। योजनान्तर्गत ग्राम पहाडी में 75 प्रतिशत नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है, शेष ग्राम एवं मजरों में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसे दिनांक 30.09.2026 तक पूर्ण कराकर समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति किया जाना लक्षित है। यह ग्राम वर्तमान तक हर घर जल प्रमाणित नहीं है। **जनपद चित्रकूट में विगत 05 दिनों से अत्यधिक वर्षा होने के कारण निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने के कारण ग्राम पहाडी में विगत 05 दिनों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुयी थी। विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुये विद्युत फाल्ट का निस्तारण कराते हुये दिनांक–24.08.2026 को ग्राम पहाडी में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। (फोटो संलग्न है)**

भवदीय,

**(अनिल कुमार)**
अधिशासी अभियन्ता

***<u>संख्या एवं दिनांक यथोपरि।</u>***

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता, महोदय (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) झांसी।
2. जिलाधिकारी महोदय, चित्रकूट।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) बांदा।
4. अपर जिलाधिकारी महोदय, (नमामि गंगे) चित्रकूट।

Anil
अधिशासी अभियन्ता




